हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

12 निबंध में पीएमश्री स्कूल भिवानी की गरिमा ....



12 कर्मचारियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल और धरना...



## खबर संक्षेप

### एथलेटिक्स खेल स्पर्धा का आयोजन 25 को

**भिवानी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर अटल स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसायटी (भिवानी) के तत्वावधान में एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। कोच विक्रम मोगली ने बताया कि यह प्रतियोगिता वैश्य ग्राउंड, दिनोद रोड़, भिवानी में 10 बजे से आरम्भ होगी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग (8, 10, 12, 14 व ओपन) तथा बालिका वर्ग (8, 12 व ओपन) की विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं कराई जाएंगी।

### गांव लेघां में बुधवार को निरंकारी संत समागम

**तोशाम।** गांव लेघां स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार (24 दिसंबर)को निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। इस सत्संग कार्यक्रम में आजमगढ़ (उतर प्रदेश) से कर्मयोगी ज्ञान प्रचारक बहन रीटा यादव के पावन सानिध्य में होगा। इसका समय सुबह 11 बजे से 01 बजे तक रहेगा। लेघां ब्रांच के मुखी महात्मा राजपाल ने समस्त प्रभुप्रेमी सज्जनों से निवेदन किया है कि इस समागम में पहुंचकर सतगुरू माता सुदीक्षा के आशीर्वादों के पात्र बने।

### 29 को होगी परिवेदना समिति की बैठक

**चरखी दादरी।** जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 29 दिसंबर को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 9 बजे शुरू होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्यामसिंह राणा करेंगे।

बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**लोहारू।** शहर की जाट कॉलोनी में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक युवक की मां गीता की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा कर मृतक के शव का स्थानीय उपनागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में जाट कॉलोनी निवासी महिला गीता ने बताया कि महिला ने उसके घर में घुसकर उसकी बेटे दीपक के कमरे में आग लगा दी, जिससे उसका बेटा दीपक बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जाट कॉलोनी निवासी महिला गीता के पति और एक बड़े बेटे की पहले ही मौत हो चुकी हैं।

# 35 कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं की दरकार, इनको जल्द अप्रूव्ड करे सरकार

## विधानसभा सभा सत्र के आखरी दिन विधायक घनश्याम सर्राफ ने उठाई मांग

विधायक सर्राफ ने मानहेरू, देवसर, हालुवास माजरा,राजगढ में चिकित्सा के सब सेंटर के भवनों का मांगा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधानसभा सभा सत्र के आखरी दिन विधायक घनश्याम सर्राफ ने करीब चालीस-पचास साल पहले बसी रिहायशी कॉलोनियों को अप्रूवड करने की मांग उठाई। उनका तर्क था कि इतने वर्षो से लोग इन कॉलोनियों में रह रहे है। कॉलोनियां अप्रूवड नहीं होने की वजह से लोगों को पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है,जबकि ये कॉलोनियां अप्रूवड होने के सारे नियम पूरे कर रही है।

इनको वैध किए जाने के बाद इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के घरों तक बिजली की लाइन, पानी व सीवर की लाइनें बिछवाई जा सकेगी। इसी तरह भिवानी की औद्योगिक नगरी फायर स्टेशन नहीं है। उक्त इलाके में कई बार फैक्टरियों में आगजनी की घटनाएं जाने पर काबू पाना असंभव सा हो जाता है। अगर वहीं पर फायर स्टेशन हो तो लोगों को फायदा होगा। विधायक घनश्याम सर्राफ ने हलके के गांव मानहेरू में स्थित सीएचसी भवन तथा गांव हालुवास माजरा, देवसर तथा राजगढ में चिकित्सा के सब सेंटरों के भवनों के निर्माण का बजट जारी करवाया जाए। ताकि इन गांवों में उक्त स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का निर्माण हो सके। इसी तरह शहर स्थित बाबा मेहूनाथ जोहड़ व बाबा शंकर गिरी जोहड़ का सुधारीकरण का कार्य जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि लोगों को सुविधाएं मिल सके।



भिवानी। विधानसभा में शहर की मांग उठाते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

### 12 एकड़ भूमि भीम स्टेडियम को दिलाई जाए

विधायक सर्राफ ने भीम स्टेडियम के साथ लगती करीब 12 एकड़ भूमि राजस्व विभाग की है। उस भूमि का किसी भी चीज के लिए प्रयोग नहीं हो रहा है। अगर उस भूमि को स्टेडियम को दे दिया जाए तो उसमें खेलों को और भी गतिविधियां करवाई जा सकती है। उक्त स्टेडियम में अभी जगह की कमी के चलते कुछ खेलों के लिए अभ्यास स्थल तैयार नहीं हो पाए है। अगर 12 एकड़ भूमि मिल जाती है तो उससे खेल प्रतिभाओं को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि यहां पर रोजाना हजारों प्रतिभागी अपनी स्पर्धा को निखारने के लिए आते है। अगर ये 12 एकड़ भूमि ओर मिल जाए तो बच्चों को अभ्यास करने में सहुलियत होगी।

# खेत खलिहान योजना के तहत 20 किलोमीटर खेतों के रास्ते होंगे पक्के



**बवानीखेड़ा।** विस. सभा सत्र के आखरी दिन विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि का विधानसभा सत्र में बारिश के पानी से हुए जलभराव की वजह से खराब हुए खेतों के रास्तों को पक्का करवाने पर फोकस रहा। उन्होंने विधानसभा में खेतों में जाने वाले कच्चे रास्तों को खेत खलिहान योजना के तहत पक्का करवाए जाने की मांग की। जिस पर बवानीखेड़ा हलके के करीब 20 किलोमीटर खेतों के रास्ते पक्के कराए जाने की योजना मोहर लगा दी है। उन गांवों के खेतों के रास्ते पहले पक्के करवाए जाएंगे। जहां पर बारिश का पानी ज्यादा दिनों तक जमा है। विधायक ने हलके के गांवों की जर्जर चौपालों के दोबारा निर्माण की भी मांग की।

**बदले जाएं पुराने पम्पसेट:** विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने हलके के लिए करोड़ों रुपये की कार्यों की मांग की। विधानसभा के सत्र में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बवानीखेड़ा कस्बे के अलावा हलके के गांवों के जलघरों में पानी के स्टोरेज की क्षमता बढाने तथा पुराने पम्पसेटों को बदलने की मांग रखी।

**बवानीखेड़ा में खुलेगी आईटीआई:** विधायक ने विधानसभा सत्र से पहले ही सरकार से कस्बा बवानीखेड़ा में आईटीआई स्थापित कराए जाने की मांग की थी। जिस पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के पास तकनीकि शिक्षा विभाग से आईटीआई के लिए कस्बे में जगह मांगी है।

# तोड़फोड़ और आगजनी के दोषियों को पांच वर्ष का कारावास व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिवानी डीआर चालिया की अदालत ने शराब ठेके में घुसकर तोड़फोड़ करने, आग लगाने तथा जाते समय जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मबीर निवासी गांव सिरसली ने थाना लोहारू में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका गांव ढिगावा में शराब का ठेका है।

19 जनवरी 2022 को आरोपियों ने ठेके में जबरन घुसकर तोड़फोड़ की तथा आग लगा दी। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर थाना लोहारू में भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अभियोग के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी ममता, संतरों, सुरेंद्र व लंकेश्वर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# निजीकरण के विरोध में गेट मीटिंग में गरजे रोडवेज कर्मचारी

रोडवेज कर्मी परिवहन मंत्री आवास पर निकालेंगे न्याय मार्च : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर द्वार सभा को संबोधित करते एक कर्मचारी नेता।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के पूर्व में घोषित कार्यक्रम अनुसार मंगलवार को भिवानी डिपो में गेट मीटिंग राजकुमार तालू व सोनू की अध्यक्षता में की गई। संचालन पवन शर्मा ने किया।

गेट मीटिंग में शामिल कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सांझा मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य जयबीर घणघस, नरेंद्र दिनोद वीरेन्द्र सिगरोह,जगदीप लाठर,संजीव कुमार,अशोक खोखर,देवेन्द्र बिट्टू ने बताया कि प्रदेश सरकार छात्र,छात्राओं एवं आम व्यक्ति की पसंद सुरक्षित एवं सस्ती परिवहन सेवा का निजीकरण करके पूंजीपतियों के हवाले कर रही हैं। योजना की ठेके की इलेक्ट्रिक बसों व ठेके की किलोमीटर स्कीम की बसों को रोड़वेज विभाग में बिना मांग के लगातार शामिल किया जा रहा। योजना की ठेके की बसों से रोड़वेज विभाग को घाटा हो रहा हैं। दूसरी ओर मंत्री एवम् विधायक अपने अपने विधानसभा के हर गांव में सरकारी बस चलवाने के आदेश रोडवेज़ अधिकारियों दिए जा रहे हैं। जबकी रोड़वेज विभाग के पास सभी गाँवो में सरकारी बस भेजने के लिए पर्याप्त बसे नही हैं। आज रोड़वेज विभाग में चालक,परिचालकों की बहुत कमी हैं। बसों की मरमत करने के लिए कर्मचारी ना के बराबर रहे गए हैं। चालक, परिचालकों की कमी एवम्-बसों की मरम्मत समय पर न होने के कारण बसें खड़ी रहती हैं।रोड़वेज विभाग में आज हजारों पद खाली पड़े हैं। आम जनता को परिवहन सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा हैं। प्रदेश की जनसंख्या के आधर पर सरकार नई सरकारी बसों को खरीदकर रोड़वेज बेड़े में शामिल करे।जिससे हजारों बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा।

आज रोड़वेज विभाग में चालक,परिचालकों व कर्मशाला के कर्मचारियों की कमी होने के कारण मौजूदा कर्मचारियों पर काम बोझ बहुत बढ़ गया हैं। चालको परिचालक,लिपिक, स्टोर कीपर,कैशियर के पद का पे ग्रे बढ़ाया जाए। देय अर्जित अवकाश कटोती पत्र को वापिस लेकर पूर्व की तरह देय अर्जित अवकाश दिए जाए।

### कच्चे कर्मचारियों की पॉलिसी बनाकर पक्का करें

जुता भत्ता, शिक्षा भत्ता, वर्दी भत्ता महंगाई अनुसार बढ़ाया जाए। दादरी डिपो के 52 हेल्परो सहित सभी प्रकार के का कच्चे कर्मचारियों की पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। बकाया बोनस का भुगतान किया जाए।सभी डिपो के सभी मार्गो का पुनः सर्वे करवाया जाए। आठ घण्टे की ड्यूटी से अधिक का ओवर टाइम दिया जाए। अगर सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नही किया तो प्रदेशभर के सभी डिपुओ के रोड़वेज कर्मचारी 18 जनवरी 2026 को अम्बाला छावनी में परिवहन मंत्री के आवास पर न्याय मार्च निकालेंगे ओर बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

# गांव मिसरी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम: उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं, युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने सोमवार देर शाम गांव मिसरी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ दरबार लगाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी मौजूद रहे। गांव के सरपंच ने उपायुक्त को गांव की समस्याओं के बारे में बताया।

उन्होंने गांव में समुचित अवैध कब्जे, पेयजल, बिजली आपूर्ति, बेसहारा पशु आदि विभिन्न मांग रखी। उपायुक्त डा नागपाल ने सभी मांगो को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करने, बिजली लाइनों को ठीक करवाने, प्लाट की पैमाइश करवाने, सो सो वर्ग गज के प्लाट दिलवाले, शॉर्ट सर्किट से जले सामान की भरपाई, सिंचाई के लिए खेतों में पानी, दिव्यांगता पेंशन बनवाने आदि विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई कर तुरंत प्रभाव से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं से स्कूल परिसर के साथ-साथ गांव को भी गंदगी से मुक्त बनाने का आह्वान किया।



भिवानी। रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल।

### खेलों को अपनाना जरूरी

उपायुक्त ने कहा कि गांव में स्वच्छता ग्रामीण पर ही निर्भर करती है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया और खेल को खेल की भावना से ही खेलने की अपील की। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को अपनाना जरूरी है। खेलों से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग, क्रीड विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, बिजली निगम आदि विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। भजन पार्टी ने प्रेरक भजनों से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# सीबीएलयू व जिला भिवानी उद्योग संघ के बीच उद्योग एवं शिक्षा सहयोग को लेकर अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) ने जिला भिवानी उद्योग संघ के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर कर उद्योग एवं शिक्षा सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। यह आशय पत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रासंगिक विभागों में उद्योग-आधारित प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से किया है। इस सहयोग का उद्देश्य अकादमिक शिक्षा और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना है।

इस प्रस्तावित सहयोग के अंतर्गत पाठ्यक्रम सह-विकास, विशेषज्ञ व्याख्यान, छात्रों के लिए इंटर्नशिप, लाइव इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स, प्लेसमेंट सहयोग तथा संयुक्त शोध एवं केस स्टडीज जैसे क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने की सहमति व्यक्त की, जिससे विद्यार्थियों की रोजगारपरकता एवं व्यावहारिक दक्षताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उद्योग संघ ने विश्वविद्यालय की दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए उद्योग-तैयार मानव संसाधन विकसित करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे सहयोग अनुभवात्मक शिक्षा और समग्र विद्यार्थी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



**भिवानी।** आशय पत्र पर हस्ताक्षर करते सीबीएलयू की कुलपति व जिला भिवानी उद्योग संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## दक्षिण एशियाई गोल शॉट बॉल चैंपियनशिप में दिखाई प्रतिभा

# गोल्ड विजेता राहुल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी जिले के लाडले ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नेपाल के पोखरा में आयोजित प्रथम पुरुष एवं महिला दक्षिण एशियाई गोल शॉट बॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर स्वदेश लौटे राहुल घणघस का मंगलवार को उनके पैतृक गांव धनाना में जोरदार स्वागत किया। राहुल की ऐतिहासिक जीत के बाद मगलवार को उनके सम्मान में गांव धनाना स्थित डीपीएस स्कूल प्रांगण में स्वागत समारोह हुआ। विद्यालय निदेशक प्रमोद ने बताया कि राहुल इसी स्कूल के पूर्व छात्र हैं, इसलिए उन्हें अपने बीच पाकर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह हैं।

ग्रामीणों ने राहुल को फूल-मालाओं से लाद दिया और ढोल-नगाड़ों की थाप पर उन्हें कंधे पर उठाकर विजय जुलूस निकाला। राहुल के पिता सुखबीर सिंह ने बताया कि राहुल शुरू से ही खेल के प्रति समर्पित रहे हैं। कोच सोमबीर सिंह के मार्गदर्शन में राहुल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कोच परमवीर सिवाच और विवेक कुमार भी मौजूद रहे।



**भिवानी।** दक्षिण एशियाई गोल शॉट बॉल चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले राहुल को सम्मानित करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

### बॉक्सिंग में कुंगड़ की खुशी ने जीता सिल्वर पदक



**भिवानी।** खेल नगरी भिवानी की बेटियों का बॉक्सिंग रिंग में जलवा बरकरार है। सोनीपत के गोहाना में 20 से 23 दिसंबर तक आयोजित छठी एलीट वूमेन हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गांव कुंगड़ की होनहार मुक्केबाज खुशी ने सीनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल (रजत पदक) अपने नाम किया है। खुशी की इस उपलब्धि ने ना केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले के खेलप्रेमियों को गर्व का अवसर दिया है। खुशी की जीत की खबर जैसे ही गांव कुंगड़ पहुंची, वहां उत्सव जैसा माहौल बन गया। खेलप्रेमियों का मानना है कि सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतना खुशी के उज्ज्वल भविष्य और नेशनल लेवल पर उनकी मजबूत दावेदारी का संकेत है। खुशी की सफलता पर गदगद पिता अरूण कुमार व माता सीमा देवी ने कहा कि आज मेरी बेटी ने एक बार फिर हमारा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। भगवान ऐसी होनहार और प्रतिभाशाली बेटी हर किसी को दें। खुशी ने साबित कर दिया है कि अगर बेटियों को सही अवसर और समर्थन मिले, तो वे आसमान छू सकती हैं। यह पदक उसकी दिन-रात की मेहनत, खेल के प्रति अटूट लगन और जुनून का परिणाम है। उन्होंने इसे पूरे परिवार की जीत बताया। पदक विजेता मुक्केबाज खुशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच भगवंत सिंह के मार्गदर्शन और माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया। खुशी ने कहा कि मेरा लक्ष्य अगली बार इसे गोल्ड में तब्दील करना है।

# अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए विद्यार्थियों ने पहाड़ी आंचल पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए पर्यावरण कार्यकर्ता छात्र यश के नेतृत्व में शिशवाला, तिवाला, पिचौपा कलां गांव के क्षेत्र में मौजूद अरावली पहाड़ियों पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर यश ने बताया कि अरावली बचाओ धरना प्रदर्शन में हमारे गांव कारी दास और गांव कारी रूपा के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

दोनों गांव के छोटे-छोटे दर्जनों बच्चे जो विभिन्न स्कूलों में पढ़ते हैं अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के लिए बाढ़ड़ा से पहुंचे पर्यावरण कार्यकर्ता नौंवी कक्षा के छात्र यश और उसके सहयोगी नन्हे-मुन्ने पर्यावरण प्रहरियों ने बताया कि कि पहाडिय़ों में जलवायु के अनुसार विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां, औषधीय पौधे, पशु- पक्षी और रेंगने वाले प्राणियों का निवास स्थान है।




■ गांव कारी दास और गांव कारी के बच्चों ने लिया भाग

### गर्म हवाओं से बचाती हैं ये पहाड़ियां

छात्र यश ने कहा कि पहाड़ियां वर्षा करवाने में सहायक ही नहीं हैं बल्कि इनमें वर्षा जल संरक्षण, प्राकृतिक तालाब मौजूद हैं, जिससे भू जल रिचार्ज होता है, अरावली पर्वतमाला थार मरुस्थल को बढने से रोकने के साथ साथ दिल्ली एनसीआर को गर्म हवाओं से बचाती हैं इसलिए हम सब नन्हे-मुन्ने पर्यावरण प्रहरियों की आपसे हाथ जोड़ कर विनती है कि जो आपके द्वारा नवंबर २०२५ में अरावली पर्वतमाला की परिभाषा दी है जिसके तहत सौ मीटर से कम की पहाडिय़ों को अरावली पर्वतमाला का हिस्सा नहीं माना जाएगा के निर्णय पर दोबारा से विचार करने का कष्ट करें क्योंकि आपकी इस परिभाषा के तहत अरावली पर्वतमाला का लगभग ७०० से ९० प्रतिशत हिस्सा अब अरावली का हिस्सा नहीं रहेगा। जिससे इन पहाडिय़ों में रहने वाले पशु पक्षी व अन्य जीव जंतुओं के जीवन पर अचानक से एक बड़ा संकट आ जाएगा जिससे एक लंबे चोड़े क्षेत्र में जैव विविधता का संकट मंडराने लगेगा। इस अवसर पर विष्णु, जोगेंदर सचिन, दीपक, दिनेश, नितेश, प्रिंस सहित दर्जनों विद्यार्थियों सहित अभिभावकों ने भी ने भी अरावली बचाओ धरना अभियान में हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### जाट धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा कल

**बवानीखेड़ा।** 25 दिसंबर को भिवानी स्थित स्थान जाट धर्मशाला में दोपहर 12 बजे हिंदू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस एवं शौर्य दिवस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन भीम सिंह प्रधान एवं श्री दिलबाग सांगवान प्रधान द्वारा की जाएगी।

### बीके कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी. के. शिक्षण महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "कोई भी मतदाता छूटे नहीं" विषय पर भाषण, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रुति एवं द्वितीय स्थान पर रवीन्द्र कुमार तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में क्रमश प्रशांत कुमार, स्वीटी, मुनिया ने स्थान प्राप्त किया

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाएं होगी सम्मानित

**चरखी दादरी।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों की जान से सीधा खिलवाड़: गोयत

# कर्मचारियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल और धरना दिया

### तारों के बिछे जाल की समझ न होने से फील्ड में काम करते समय बढ़ जाती अनहोनी की आशंका: धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने मंगलवार को प्रदेश सरकार की ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में बिगुल फूंक दिया है। यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेशभर के सब यूनिट स्तर पर प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी कि इस कर्मचारी विरोधी नीति को वापस नहीं लिया तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज कर बिजली मंत्री और एसीएस पावर का घेराव किया जाएगा। इसी कड़ी में पुराना बिजलीघर में बिजली कर्मचारियों ने धरना व एक दिवसीय भूख हड़ताल की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

भूख हड़ताल को संबोधित करते हुए राज्य ऑडिटर धर्मवीर सिंह भाटी, राज्य उपप्रधान राजेश सांगवान व राज्य सचिव लोकेश ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तकनीकी पहलुओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने तर्क दिया कि जब लाइनमैन या तकनीकी कर्मचारी का तबादला नई जगह होता है, तो उसे क्षेत्र के बिजली नेटवर्क तारों के जाल और फीडर की बारीकियों को समझने में समय लगता है। नेटवर्क की समझ न होने के कारण फील्ड में काम करते समय किसी भी अनहोनी की आशंका बढ़ जाती है, इससे कर्मचारियों की जान को खतरा हो सकता है, जिसकी भरपाई नामुमकिन है। इससे न केवल तकनीकी स्टाफ, बल्कि क्लर्क (लिपिक) को भी नई जगह के रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली समझने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे कामकाज प्रभावित होता है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ये नीति केवल कागजों पर अच्छी लग सकती है, धरातल पर ये किसी के भाई या बेटे (कर्मचारी) की जान से खिलवाड़ है।



सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे बिजली कर्मियों को संबोधित करते सर्कल सचिव अशोक गोयत। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे शामिल

भूख हड़ताल को सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमेर आर्य और वरिष्ठ उपप्रधान सूरजभान जटासरा ने भी संबोधित किया और बिजली कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराया। इस अवसर पर सतीश तंवर, मंदीप फौगाट, रविंद्र यादव, धर्मवीर शर्मा, अनिल फोरमैन, शमशेर सिंह, अभिषेक, राजीव, देसराज, सन्नी, परवीन, देवेंद्र, सुखवीर, गोपाल और नरेंद्र सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### कर्मचारी बोले- उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे प्रदेश में ब्लैक आऊट करेंगे



**भिवानी।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ केंद्रीय नेतृत्व के आहवान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में कर्मचारियों ने मंगलवार को सर्कल आफिस के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में भिवानी व चरखी दादरी जिले के बिजली कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे प्रदेश में ब्लैक आऊट तक करने पर मजबूर होंगे। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन संबंधित के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने की। मंच संचालन सिटी यूनिट सचिव राजकुमार जटासरा ने किया। सर्कल सचिव मनोज बल्लू ने कहा कि यह पॉलिसी कर्मचारियों के लिए जानलेवा है तथा सरकार जबरन इस पॉलिसी को थौंप रही है। पूर्व आडिटर महेश रोहिल्ला, पूर्व सर्कल सचिव सूरजमल लेंघा व पूर्व वित्त सचिव राजकुमार सांगवान ने कहा कि उनकी मांग नहीं मानी तो 30 दिसंबर को पंचकूला में बिजली निगम के एमडी दफ्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके बाद 7 जनवरी को हिसार सर्कल के एमडी ऑफिस पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सब अर्बन प्रधान सोमवीर श्योराण, दादरी प्रधान अनिल फोगाट, सचिव नवरत्न शर्मा, रमेश यादव, मोंटी कुमार, जयवीर बादल, राकेश बलौदा, नरेंद्र कस्वा, नाहर सिंह महला, रामपाल संडवा, इंद्र सीए, विनय जेई, रमेश गोपी, अनिल कादमा, नरेश पंघाल, पवन धनाना, कुलदीप तालू, उमेश, मनीष कालीरमन, सुदर्शन, सुरेंद्र, पवन जेई, लालचंद जेई, कुलदीप जेई, संदीप, प्रवीण सांगवान, रमेश गोपी, अशोक गौड़, मनोज सीए, कश्मीर जेई, संदीप एसए, विकास यूडीसी आदि मौजूद रहे।

#### पावर का घेराव करने से भी नहीं हटेंगे पीछे

सर्कल सचिव अशोक गोयत ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में सब-यूनिट स्तर पर धरना व एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की है। आने वाले समय में यूनियन ने अपनी रणनीति स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रथम चरण में सब-यूनिट स्तर पर विरोध प्रदर्शन, द्वितीय चरण में यूनिट स्तर पर सांकेतिक हड़ताल, तृतीय चरण में सर्कल स्तर पर प्रदर्शन और इसके बाद चीफ इंजीनियर व एसीएस पॉवर का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम चरण में प्रबंधन नहीं माना तो मंत्रियों और उच्च अधिकारियों तक पहुंचकर नीति रद करने का दबाव बनाया जाएगा।

## गोरक्षा दल ने 10 ऊंटों को तस्करों से मुक्त करवाया

- सुरक्षा के प्रति कानून न होने के कारण 14 लाख से घटकर अढ़ाई लाख हुई ऊंटों की संख्या: संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बेजुबान पशुओं के प्रति क्रूरता ए उनकी अवैध तस्करी के खिलाफ गौरक्षा दल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चैहड़कलां पुलिस चौकी द्वारा पकड़े गए 10 ऊंटों को कोर्ट के आदेश के बाद सुरक्षित भगवान महावीर ऊंट सेंचुरी सिरोही राजस्थान भेज दिया गया है। कोर्ट क्रूरता एवं उनकी अवैध तस्करी के खिलाफ गौरक्षा दल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चैहड़कलां पुलिस चौकी द्वारा पकड़े गए 10 ऊंटोंने मामले में आरोपियों की सुपुर्दगी याचिका को सिरे से खारिज कर ऊंटों के कल्याण को सर्वोपरि माना। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि गत तीन दिसंबर को चैहड़कलां चौकी पुलिस ने कैंटर को रोका था, जिसमें 10 ऊंटों को बेहद क्रूरता तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था।

इस दौरान कैंटर चालकों में समुदाय विशेष के व्यक्ति को भी मौके पर पकड़ा गया। इन ऊंटों को उत्तर प्रदेश में कटाई के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में चैहड़कलां के स्थानीय व्यक्ति सहित तीन-चार अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोपियों को जमानत मिल गई, जिसके बाद आरोपियों ने ऊंटों की वापस सुपुर्दगी पाने के लिए लोहारू कोर्ट में याचिका दायर की। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने ऊंटों की घटती संख्या के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय देश में ऊंटों की संख्या लगभग 14 लाख थी, जो अब घटकर मात्र अढ़ाई (2.5) लाख के करीब रह गई है, यह स्थिति भयावह है, जो सिर्फ इसीलिए हुई है कि ऊंटों की सुरक्षा को लेकर राजस्थान राज्य को छोड़कर देश के किसी भी राज्य में कोई सख्त कानून नहीं है।



भिवानी। गोसेवकों द्वारा तस्करों से छुटाए गए ऊंट। *फोटो: हरिभूमि*

#### कानूनी मदद मांगी

गोरक्षा दल को जब आरोपियों द्वारा ऊंटों को वापस लेने के प्रयास की सूचना मिली तो उन्होंने ध्यान फाउंडेशन दिल्ली के अध्यक्ष सुदर्शन कौशिक और जीव विशेषज्ञ व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता चेतन शर्मा से कानूनी मदद मांगी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता चेतन शर्मा की पैरवी के बाद कोर्ट ने आरोपी की याचिका खारिज कर दी और ऊंटों की कस्टडी भगवान महावीर ऊंट सेंचुरी सिरोही राजस्थान के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन के पक्ष में देने का आदेश सुनाया। कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद सुरेंद्र जैन ने राजस्थान से एक विशेष ट्रक लोहारू मंगवाया और सभी 10 ऊंटों को सुरक्षित तरीके से ट्रक में लोड कर सिरोही स्थित सेंचुरी भेज दिया, जहां उनकी उचित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

## निगाना में मनरेगा का नाम बदलने का किया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव निगाना कला में भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 वीबी जीरामजी बिल - 2025 से बदलने के प्रयास का कड़ा विरोध किया और नये कानून कि प्रतियां जलाई। इस मौके पर जिला संगठन के सदस्य फतेह सिंह निगाना ने कहा कि योजना का नाम बदलने से क्या होगा ? 100 दिन काम देने की गारंटी थी लेकिन इस सरकार ने औसत 40-50 दिन भी काम नहीं दिया। इस बिल के अनुसार मनरेगा और इसकी वैधानिक गारंटी को निरस्त करना और इसके स्थान पर केंद्र सरकार की ऐसी योजना लाना जो ग्रामीण गरीब परिवारों को कोई गारंटी नहीं देती, राज्य सरकारों की भूमिका को नकारते हुए निर्णय लेने की प्रक्रिया में केंद्र सरकार को एकमात्र अधिकार देना तथा केंद्र सरकार की वित्तीय जिम्मेदारी (जो पहले 100 प्रतिशत थी) को घटाकर 60 प्रतिशत करना और इसका बोझ राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत तक स्थानांतरित करना है जो सरासर अनुचित है।

इस मौके पर जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि इनके अलावा जॉब कार्ड के युक्तिकरण की घोषणा से काम के अधिकार का हनन होता है, जो मज़दूरों के हितों के लिए हानिकारक है।

### 1.50 करोड की लागत से होंगे विकास कार्य

**भिवानी।** जिला परिषद के वार्ड 16 के ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 1.50 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई। यह राशि गांवों के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल, बस क्यू शेल्टर, पेयजल, पार्क, सामुदायिक केंद्र व्यस्थाओं में खर्च होगी। जिला पार्षद नरेंद्र कुमार ने विकास कार्यों का विवरण देते हुए बताया कि गांव देवराला में 21 लाख रुपए की लागत से हराभरा पार्क बनाया जाएगा। देवराला में 14 लाख से राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शेड व राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की छत निर्माण में 12 लाख रूपए लगाए जाएगे। देवराला के बिजली घर में 5 लाख में शौचालय और पेयजल की सुविधा के लिए पानी की टंकी बनेगी।

## अपने लीडर को जानें कार्यक्रम में वैश्य महाविद्यालय की छात्रा चांदनी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा चांदनी का चयन युवा कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर लोकसभा के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उनके जीवन और योगदान पर अपने लीडर को जानें विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में हुआ है। चांदनी इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदेश की एकमात्र प्रतिभागी है जो प्रदेश, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं वैश्य महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

चांदनी की सफलता पर सीबीएलयू की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो दिनेश शर्मा, विश्वविद्यालय के एनएसएस कॉर्डिनेटर प्रो. संजीव कुमार, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता,महासचिव डॉ.पवन बुवानीवाला, वैश्य महाविद्यालय प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ,महासचिव भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ, ट्रस्टी विजयकिशन अग्रवाल,प्राचार्य डॉ. संजय गोयल एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक व डॉ. मोहन लाल ने खुशी जताई है सीबीएलयू की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने स्वयंसेविका चांदनी को बधाई देते हुए कहा कि चांदनी ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, अनुशासन और सकारात्मक सोच से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।



भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि व अन्य।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने अपनी मां को समर्पित मनमोहक प्रस्तुतियां दी, अभिभावकों ने खूब सराहा



**भिवानी।** माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरू तथा विद्यालय के सच्चे शुभचिंतक होते हैं। किसी भी बच्चे का जीवन सफल बनाने में जितना योगदान विद्यालय का होता है, उससे कहीं अधिक उसके मां-बाप का होता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए द ऑकवुड विद्यालय में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह, कार्यकारिणी सदस्य विक्रम राणा, मानवेंद्र सिंह व प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम मां शारदा की स्तुति के रूप में शानदार नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें कक्षा नौवीं व दसवीं की बहनों ने नृत्य के माध्यम से मां शारदा की आराधना की। तत्पश्चात नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे मुन्नों ने अपनी-अपनी मां को समर्पित नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा प्रथम से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग नृत्य समूहों में मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिन्हें देखकर उपस्थित अभिभावकगण हर्ष से भाव विभोर हो गए।
वहीं भावी व सृष्टि ने माता-पिता पर शानदार कविताएं प्रस्तुत की।

### शैक्षणिक एवं साहसिक कैंपों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : शिव कुमार तंवर



**बवानीखेड़ा।** जिला परियोजना संयोजक कार्यालय भिवानी के तत्वावधान में जिले के विद्यार्थियों का एक दल सर्दकालीन साहसिक शिविर के लिए उत्साह और जोश के साथ मनाली (हिमाचल प्रदेश) के लिए रवाना हुआ। इस कैंप में जिले के 11 लड़के तथा 12 लड़कियों सहित कुल 23 विद्यार्थी भाग लेंगे। यह साहसिक कैंप 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। कैंप के दौरान विद्यार्थी रिवर क्रॉसिंग, रॉक क्लाइंबिंग, ट्रैकिंग, जूमरिंग सहित विभिन्न रोमांचक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेंगे। साथ ही साथ इस कैंप में रात्रि को कैंपफायर भी होगा इस दौरान बच्चों के बीच सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी करवाई जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का विकास होगा। विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं मार्गदर्शन के लिए तीन एस्कॉर्ट शिक्षक दल के साथ भेजे गए हैं, जिनमें प्रवक्ता राजबीर , सुनील कुमार तथा आशा शामिल हैं जो बच्चों को कैंप में सुरक्षित ले जाना था वापिस लाना सुनिश्चित करेंगे। साहसिक दल को जिला परियोजना संयोजक शिव कुमार तंवर एवं प्राचार्य तथा अतिरिक्त कार्यभार सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीपीसी शिव कुमार तंवर ने कहा कि इस प्रकार के एडवेंचर कैंप विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये कैंप न केवल विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, सहयोग की भावना एवं सामाजिक सरसता को भी सुदृढ़ करते हैं।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स स्कूल में वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीसी दीपक बाबूलाल कारवा व डॉ शिवकांत उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त स्कूल के अध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व स्कूल प्रधानाचार्या भी उपस्थित रहे। अतिथि गण के रूप में लाल सिंह तंवर, अभिजीत सिंह, प्रतिभा, आशीष चौहान,प्रीति चौहान डॉ एलबी गुप्ता,डॉ संदीप लाठर , डॉ. नीरज रेड्डू, डॉ जितेंद्र सैनी, राम अवतार शर्मा, अमित डागर ,करण मृग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंच संचालिका मन्नत, ध्रुव, धुरव व मायरा रही। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का स्वागत तिलक व बैच लगाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को एन सी सी के छात्रों द्वारा सम्मान पूर्वक लाया गया। स्कूल के सबसे नन्हे-मुन्ने मोंटेसरी के बच्चों ने गमी बेयर एव रीबॉडी संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। ये नन्हे-नन्हे बच्चे अपनी चमकीली पोशाक में बहुत शानदार लग रहे थे, इनसे भी शानदार डांस स्टेप ने अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। कक्षा पहली के छात्रो ने बल्लू डांस अंग्रेजी सांग पर अपनी वेस्टर्न ड्रेस के साथ डांस किया। दूसरी के छात्रों ने फैशन शो का आयोजन किया। तीसरी के छात्रों ने रामायण एक्ट पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षा स्तर पर भी वार्षिक परिणाम 100 प्रतिशत रहता है। एकेडमिक डीन गुंजन यादव व छात्र मृत्यंजय , भाग्यं ,विनती व आयांश के द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के विषय में विस्तार से बताया।



भिवानी। द्वीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए।

### सीजेआई ने डॉ. रमाकांत की पुस्तक' वंदे मातरम राष्ट्रीय चेतना का महामंत्र' का किया लोकार्पण

**भिवानी।** इटावा हिंदी सेवा निधि के भव्य साहित्य समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार कवि डॉ. रमाकांत शर्मा की नई पुस्तक 'वंदे मातरम राष्ट्रीय चेतना का महामंत्र' का लोकार्पण सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस अशोक कुमार, शायर वसीम बरेलवी, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप गुप्त ने किया। गौरतलब कि बांग्ला भाषा के साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' 150 वर्ष की यात्रा करने पर विमर्श में है। हाल ही में इस पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हुई। डॉ. रमाकांत शर्मा ने पुस्तक में कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र जागरण का मंत्र है। मंत्र को खंडित नहीं किया जाता, इसलिए दो की जगह वंदे मातरम के सभी छह अवतरण गाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये गीत कालातीत है। भारत मां की वंदना हैं, मां किसी भी धर्म जाति से परे एक भाव सत्ता है, इस पर हुई संसद चर्चा शब्द की शाश्वत शक्ति का ही वंदन है। डॉ. रमाकांत शर्मा आदर्श महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं।



### फौगाट व नेहरा को मिला नेशनल एजुकेशन अवार्ड

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ ने एक बार फिर शिक्षा क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट एवं बलजीत नेहरा को शिक्षा जगत में उनके उत्कृष्ट, नवाचारी एवं प्रेरणादायक योगदान के लिए फ्यूचर चैलेंज ऑफ एजुकेशन 2.0 तथा 'नेशनल एजुकेशन अवार्ड 2025' से सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान चितकारा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में आयोजित भव्य समारोह के दौरान प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन चितकारा यूनिवर्सिटी एवं एजुफ्यूचर प्रिंसिपल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में भिवानी में गठित हुई अटल स्मृति वर्ष जिला टोली



**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, भिवानी में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित "अटल स्मृति वर्ष" के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय टोली की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य अटल जी के विचारों, राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुँचाना रहा। बैठक में अटल स्मृति वर्ष को भव्य, सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली रूप से मनाने के लिए जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर विभिन्न दायित्वों के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी नियुक्त किए गए, ताकि कार्यक्रमों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। घोषित कार्यकारिणी में दीपोत्सव प्रभारी प्रदीप प्रजापति, विधानसभा सम्मेलन प्रभारी विनोद चावला भिवानी, प्रदीप मुण्ढाल बवानीखेड़ा, अनिल शर्मा तोशाम, सुनील शर्मा लोहारू, विधानसभा सम्मेलन सहप्रभारी सोनू तालु, विजय तंवर, राजेश केडिया , प्रदर्शनी प्रभारी शकुंतला कौशिक, मीडिया प्रभारी जगवीर सिंह , सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक भारद्वाज एवं लेख वरिष्ठ नेता प्रभारी राजेश साकरोडिया जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए । इन सभी जिम्मेदारियों का उद्देश्य अटल के जीवन, कृतित्व एवं व्यक्तित्व को प्रदर्शनों, सम्मेलनों, लेखन, डिजिटल माध्यमों तथा जनसंवाद के माध्यम से आम जनता तक पहुँचाना है। बैठक में उपस्थित भाजपा जिला भिवानी अटल स्मृति वर्ष टोली के प्रमुख सदस्यों में पूर्व जिला अध्यक्ष नन्दराम धानिया, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, उपजिलाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति , सहसंयोजक नरेंद्र तालु एवं सहसंयोजक गीता सिंह शामिल रहे। सभी सदस्यों ने अटल स्मृति वर्ष को ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

**प्रतियोगिता** | खंड स्तरीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में कन्या स्कूल तिगड़ाना ने मारी बाजी

### भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश: डॉ. अनिल गौड़

# निबंध में पीएमश्री स्कूल भिवानी की गरिमा और भाषण प्रतियोगिता में मेघा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन कार्यालय भिवानी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारी के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ थे। कार्यक्रम संयोजक प्रवक्ता प्रवेश गौतम व राजेश कुमार थे। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत निबंध, पोस्टर मेकिंग, भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया,जिसमें सरकारी व निजी स्कूल के कक्षा नौंवी से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने प्रतिभागिता की।

बीईओ डॉ. अनिल गौड़ ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतांत्रिक देश की पवित्रता निष्पक्ष मतदान बगैर भेदभाव के होना जरूरी है। इसके लिए हमारे लिए स्वतंत्र चुनाव आयोग की स्थापना की है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वमा विद्यालय तिगड़ाना की टीम काजल, राधिका व साक्षी ने प्रथम, द्वितीय स्थान पर निशा, प्रियंका व दीपिका की टीम राजकीय कन्या वमा विद्यालय तिगड़ाना रही। एसआरएस स्कूल की टीम नितेश, माही व तान्या की टीम तृतीय स्थान पर रही।

निबंध प्रतियोगिता में पीएमश्री स्कूल भिवानी की गरिमा ने प्रथम, राजकीय स्कूल सांगा की कशिश ने द्वितीय व राजकीय कन्या स्कूल तिगड़ाना की राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में पीएमश्री स्कूल भिवानी से मेघा शर्मा ने प्रथम, राजकीय कन्या स्कूल बामला से अंचल ने द्वितीय व पीएमश्री स्कूल भिवानी से राधिका ने तृतीय स्थान जीता। पोस्टर मेकिंग में राजकीय स्कूल पालुवास की अंजली ने प्रथम, पीएमश्री स्कूल भिवानी की अन्नू ने द्वितीय व टीआईटी स्कूल की रीतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रवेश गौतम व राजेश कुमार ने बताया कि ये छात्र जिला स्तर पर भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को 16 वें राष्ट्रीय वोटर दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



भवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनिल गौड़।

#### निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई

इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में मीनाक्षी शर्मा, सोनिया, पुष्पा, शीतल, अशोक, सुरेंद्र, दीपमाला शर्मा, नीरज शर्मा, मीना, अनीता, अनिल हलवासिया, पूनम व लक्ष्मण गौड़ आदि ने निभाई।